# GOVT. DR. W.W. PATANKAR GIRLS P.G. COLLEGE, DURG (C.G.)

**(Old Name: Govt. Girls PG College, Durg) Pincode-491001, Ph No. 2323773**

**Email- govtgirlspgcollege@gmail.com , Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com**


## Criteria-7 Institutional Values and Best Practices

| Metric No. | 7.1 Institutional Values and Social Responsibilities | Documents enclosed |
|---|---|---|
| 7.1.11. | Institution celebrates / organizes national and international commemorative days, events and festivals. | Compiled document containing organization and celebration of nationally important days and events. |

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College ★ DURG

S.L

**Principal**
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P.G. College Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 10.02.2022

/प्रेस विज्ञप्ति/

## गर्ल्स कॉलेज में नृत्यांजलि सर्टिफिकेट कोर्स सत्र समापन

# नृत्य जीवन का एक अंग है.. डॉ0 माण्डवी सिंह

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग के नृत्य विभाग द्वारा ऑनलाईन नृत्यांजलि – वैल्यू एडेड कोर्स का आज सत्र समापन हुआ है। दिनांक 27 जनवरी से आयोजित यह कोर्स 15 दिनों तक चला।

सत्र के समापन समारोह की मुख्य अतिथि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ0 मांडवी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा – नृत्य को सीखना और जानना यह मेरी सबसे बड़ी योग्यता है। हम संगीत और नृत्य को सीखें और करें, क्योंकि नृत्य बहुत गहरा और बारीक है। जिसे जानना और समझना जरूरी है।

नृत्य आध्यात्म से जुड़ा है जिसमें रस और आनंद है। उन्होंने कहा कि हमारा दायित्व बनता है कि हमें नृत्य और संगीत की शिक्षा को साधना के रूप में विकसित करने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को आव्हान करते हुए कहा कि नृत्य जीवन का एक अंग है। यह सम्मान की चीज है। इसके लिए सतत् साधना की आवश्यकता होती है। जितना समर्पण होगा, उतना ही अधिक हम नृत्य को जान सकेंगे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि इस नृत्यांजलि सर्टिफिकेट कोर्स में छात्राओं में बड़ा उत्साह था। विशेष तौर पर इसे उन छात्राओं के लिये इसका आयोजन किया गया, जो दूसरे संकाय में अध्ययनरत हैं, किन्तु महाविद्यालय में कला संकाय के अंतर्गत नृत्य विषय लेकर पढ़ती छात्राओं को देखकर भरतनाट्यम सीखने की इच्छा रखती हैं। इन छात्राओं को भरतनाट्यम का आरंभिक ज्ञान कराया गया। इस सत्र में 70 छात्राओं ने प्रवेश लिया।

विभागाध्यक्ष डॉ0 ऋचा ठाकुर ने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस कोर्स को प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक दो हिस्सों में बांटा गया था। इन नवोत्साही छात्राओं को नृत्य के प्रायोगिक ज्ञान सहित नृत्य से संबंधित आवश्यक विषयों की जानकारी दी गई, जिसके लिए प्रदेश के विभिन्न नृत्य गुरूओं और कलाकारों का व्याख्यान आयोजित किया गया।

इन विशेषज्ञों में डॉ0 जी0 रतीश बाबू (निर्देशक–नृत्यति कलात्रम, भिलाई) ने प्रथम दिन उपस्थित होकर नृत्य के महत्व को बताया और आरंभिक ज्ञान का परिचय देते हुए नृत्यांजलि की शुरूवात की। डॉ0 शेख मेदिनी होम्बल, सहायक प्राध्यापक– भरतनाट्यम, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ ने कैरियर इन डांस पर अपना व्यक्तव्य दिया और छात्राओं को नृत्य के क्षेत्र में कैरियर बनाने की टीप्स दिये। उन्होंने बताया कि नृत्य कलाकार के अतिरिक्त वे मीडिया, कोरियोग्राफर, नृत्य, वेशभूषा, मेकअप, पत्रकारिता, शोध आदि कार्य कर सकती है।


कमला देवी संगीत महाविद्यालय, रायपुर की कत्थक की व्याख्याता डॉ0 आरती सिंह ने नृत्य की इतिहास एवं पुरूष नर्तकों के उपादान पर व्याख्यान दिया। प्राध्यापक डॉ0 नीता गहरवार ने नृत्य के शारीरिक लाभ पर कहा कि किसी भी तरह की थिरकन हमारे शरीर के लिए लाभदायक हैं। डांस मूवमेंट थेरेपी अब चलन में हैं। युवा कलाकार खुशी जैन (सांई कला केन्द्र) ने अडवु एवं रस–भेद का मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने कहा नर्तक और दर्शक दोनों को ही रस की अनुभूति होती है।

प्रसिद्ध मनोविज्ञानी चिकित्सक डॉ0 शमा हमदानी ने नृत्य को मानसिक, मनोवैज्ञानिक लाभ पर व्याख्यान देते हुए कहा कि नृत्य से शरीर में हैप्पी हार्मोंस विकसित होते हैं, सकारात्मकता आती है। गृहविज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ0 भारती सेठी ने बताया कि नृत्य कलाकार के लिए पोषक तत्व युक्त

भोजन पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा चूंकि नृत्य अति परिश्रम की श्रेणी में आता है। इसलिए नर्तक संतुलित और पोषण आहार लेना चाहिए।

शास0 दुग्धाधारी बजरंग कन्या महाविद्यालय, रायपुर की सहायक प्राध्यापक डॉ0 स्वप्निल कर्महे ने आधुनिक काल में नृत्य की स्थिति को बताते हुए कहा कि अब नृत्य रियलिटी शो, डिजिटल हो चुका है। इन आवश्यक सैद्धांतिक पक्षों के साथ छात्राओं ने प्रतिदिन प्रायोगिक कार्य में भूमि प्रणाम, आरंभिक अवडु, तत अवडु, नाट्टअवडु, शिवस्तुति, शिरोभेद, दृष्टिभेद, ग्रीवाभेद, असंयुक्त, संयुक्त हस्तभेद का अभ्यास किया। नेहा साहू ने बतायाकि नृत्य के इस आरंभिक ज्ञान से आगे में सीखने की ईच्छा रहेगी। फातिमा रिजवी ने कहा कि महाविद्यालय में आकर वो नृत्य विभाग में आकर आगे भी नृत्य सिखती रहेगी। डॉ0 अल्पना त्रिपाठी ने कहा कि सीखे गये आरंभिक ज्ञान से शारीरिक व्यायाम की प्रतिपूर्ति हो जाती है। छात्राओं ने सीखे गये नृत्य का वीडियो बनाकर प्रस्तुत किया।




*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : **02.05.2022**

/प्रेस विज्ञप्ति/

# गर्ल्स कॉलेज में
# 'बोरे बासी' है सुपर एनर्जी फूड

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग के तत्वाधान में बोरे बासी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि युवा वर्ग को अपनी संस्कृति व परम्पराओं की विशेषता से परिचित होना आवश्यक है। हमारा पारम्परिक भोजन एक ओर जहां पौष्टिकता से भरपूर है वहीं आसानी से सुलभ भी है।

आहार एवं पोषण की विभाग प्रमुख डॉ0 अमिता सहगल ने बासी के बनाने की प्रक्रिया से उसकी पौष्टिकता पर सविस्तार प्रकाश डाला। उन्होनें कहा कि यह हमारे पाचन तंत्र के माध्यम से रक्तचाप को संतुलित करता है। बासी पावर हाउस का कार्य करता है। मेहनतकशों के लिए अमृत तुल्य है।

डॉ0 अल्का दुग्गल ने बोरे बासी के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव की चर्चा की तो डॉ0 मीनाक्षी अग्रवाल ने बोरे बासी की ठण्डी तासीर की बात करते हुए इसे ठण्ड के दिनों में तथा सर्दी जुकाम से पीड़ितों को परहेज करने को कहा।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रभारी प्राध्यापक डॉ0 रेशमा लाकेश ने बोरे बासी को सुपर एनर्जी फूड बताते हुए इसे प्याज, आचार, हरी मिर्च, मठा, भाजी के साथ खाने की चर्चा करते हुए इसमें उपलब्ध कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, पोटेशियम जैसे खनिज के महत्वपूर्ण बताया।

डॉ0 ऋचा ठाकुर ने लोकगीत के माध्यम से बासी के महत्व को बड़े सुन्दर ढंग से बताया।

इस अवसर पर छात्राओं ने भी अपने विचार रखे। छात्राओं ने बोरे बासी को तैयार कर विभिन्न अचार, भाजियों के साथ प्रदर्शित किया, जिसकी सभी ने सराहना की।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)




Govt. Dr.W.W. Patankar Girls' P.G. College, Durg
HOME SCIENCE

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602


दुर्ग, दिनांक : 29.04.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाया गया

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के नृत्य विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर विभिन्न आयोजन किये गये।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि नृत्य दिवस पर आयोजन विशेष महत्व रखता हैं छात्राओं में जो रूचि है, उसे वे नई छात्राओं से भी बाँटें। महाविद्यालय के प्रदर्शनात्मक कला विभाग के नृत्य, गायन, चित्रकला जैसे विषय छात्राओं की अंदरूनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करते हैं।

विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय की पूर्व छात्रा एवं नृत्य विशेषज्ञ श्रीमती पुष्पा मार्कण्डेय ने कहा कि नृत्य एक अराधना है जितनी लगन और मेहनत की जाये वह निखरता है। उन्होनें अपनी नन्हीं छात्राओं के माध्यम से नृत्य प्रस्तुति दी साथ ही कहा कि आप जो भी सीख रहे हैं उसे लगन से सीखें गुरू एक सीढ़ी हैं जो हमें ऊपर ले जाने का प्रयास करते हैं।


पूर्व छात्रा विभा कसेर ने कहा कि नृत्य ने मुझे आत्मविश्वास दिया है जिसके कारण मैं प्रबंधन के क्षेत्र में सफल हो सकी। उन्होनें अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाने के उद्देश्य को बताया।

इतिहास की सहायक प्राध्यापक एवं पूर्व छात्रा शबीना बेगम ने कहा नृत्य के माध्यम से शारीरिक और मानसिक, दोनों ही समृद्धि होती है।

इस अवसर पर रायगढ़ की नन्हीं छात्राओं ने नटेश कौतुतम, अड़तु प्रस्तुत किये। महाविद्यालय की छात्रा सुरूचि यादव ने शिवस्तुति और शिरोभेद के श्लोक दिखाये वहीं शारदा यादव और नेहा कटरे ने भरतनाट्यम फ्यूजन प्रदर्शित किया।

विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर कविता पाठ किया साथ ही कहा कि विभाग का उद्देश्य छात्राओं में शास्त्रीय नृत्य के प्रति लगाव और रूचि जगाना है क्योंकि ये विधाये हमारी संस्कृति और परंपरा की वाहक है। यह कार्यक्रम ऑनलाईन आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व दिव्यांग छात्रा पूजा सिंह सहित विभाग की अनेक छात्रायें उपस्थित रहीं।




समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

**दुर्ग, दिनांक 18.01.2022**

# गर्ल्स कॉलेज में
# नृत्यांजली सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के ''नृत्य विभाग के द्वारा नृत्यांजली सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किया गया है।

नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया की वैल्यु एडेड कोर्स के अंतर्गत महाविद्यालय में छात्राओं की रुचि को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किए गए है।

महाविद्यालय के नृत्य विभाग में स्नातक स्तर पर कला संकाय में ''भारतनाट्यम'' विषय संचालित है। विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की बहुत सी छात्राएं नृत्य–संगीत में रुचि रखती है जिनके लिए यह सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किया जा रहा है।

30 घंटे के इस कोर्स के अंतर्गत फंडामेंटल ऑफ क्लासिकल डांस भारतनाट्यम तथा बेसिक डांस थ्योरी की पढ़ाई होगी। जिससे छात्राएं नृत्य विधा का प्रारंभिक ज्ञान प्राप्त कर सकें।

इस सर्टिफिकेट कोर्स की पहली बैच 27 जनवरी से 10 फरवरी तक चलेगी जिसका पंजीयन शीघ्र प्रारंभ किया जा रहा है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग की मंशा के अनुरुप विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ–साथ रोजगारोपयोगी पाठ्यक्रमों से जोड़ने विभिन्न वैल्यु एडेड कोर्स प्रारंभ किए जा रहे है।

30 घंटे के इन सर्टिफिकेट कोर्स में विद्यार्थी विषय वस्तु की प्रारंभिक एवं उच्च स्तर की जानकारी प्राप्त कर सकेगें जो भविष्य में उन्हे रोजगार दिलाने सहायक होगी।

महाविद्यालय में गृहविज्ञान विभाग में भी इस तरह के कोर्स प्रारंभ किए गए है वर्तमान में ये सर्टिफिकेट कोर्स ऑनलाईन प्रारंभ हो रहे है जो बाद में परिस्थितियों के अनुसार भौतिक उपस्थिति के साथ चलेगें।

इस सर्टिफिकेट कोर्स की परीक्षा के उपरांत विद्यार्थियों को प्रमाण–पत्र दिए जावेगें। महाविद्यालय में छात्राओं के मध्य इन वैल्यु एडेड कोर्स को लेकर अच्छा खासा उत्साह है।



(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

**दुर्ग, दिनांक : 05.02.2022**

## गर्ल्स कॉलेज में धूमधाम से बसंत पंचमी मनायी गई

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया।

प्रातः माँ सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं पूजा से पर्व का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने किया। उन्होनें कहा कि ऋतुओं का विशिष्ट पर्व बसंत पंचमी विद्या देवी माँ सरस्वती के आशीर्वाद तथा पर्वों की शुरूआत का अवसर है। हम सभी यह कृत संकल्प ले कि विद्या का दान–ज्ञान की परंपरा निस्वार्थ अविरल चलती रहेगी।

इस अवसर पर नृत्य विभाग में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। नृत्य की छात्राओं ने अपनी रोचक प्रस्तुति दी तथा विद्या की देवी माँ सरस्वती की अराधना की। एम.ए. हिन्दी की कु. डॉली, कु. ऋतु ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया। कु. खुश्बू, भूमि और टोमेश्वरी ने भी माँ सरस्वती को समर्पित गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नृत्य की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने बसंत पर्व के महत्व को बताया।

संगीत विभाग के डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने सुमधुर सरस्वती अराधना पर अपनी प्रस्तुति दी जिसे सभी ने सराहा। बसंत पंचमी के कार्यक्रमों ने प्राध्यापकों, छात्राओं एवं कर्मचरियों ने हिस्सा लिया।






(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24/07/2021

# गर्ल्स कॉलेज में नैक मूल्यांकन कार्यशाला आयोजित

मिशन मोड पर चलाये जा रहे मूल्यांकन एवं प्रत्यायन अभियान के अंतर्गत दुर्ग संभाग के शासकीय महाविद्यालयों में नैक द्वारा मूल्यांकन की तैयारियाँ जोर–शोर से चल रही है।

इसी तारतम्य में संभाग के नैक मूल्यांकन की पात्रता रखने वाले शासकीय महाविद्यालयों की समीक्षा एवं तैयारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन गर्ल्स कॉलेज दुर्ग में किया गया।

दुर्ग संभाग के उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय अपर संचालक डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल के निर्देशानुसार प्रदेश के महाविद्यालयों में नैक मूल्यांकन मिशन मोड पर कराने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था बनाने अभियान चलाया जा रहा है।

संभाग के कबीरधाम, बेमेतरा एवं दुर्ग के नैक पात्रता रखने वाले महाविद्यालयों की कार्यशाला आज आयोजित की गयी जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य तथा आई.क्यू.ए.सी. (महाविद्यालय की गुणवत्ता प्रकोष्ठ) के प्रभारी शामिल हुए।

कार्यशाला में राज्य गुणवत्ता प्रकोष्ठ उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. जी.ए. घनश्याम तथा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव डॉ. सी.एल. देवांगन एवं विज्ञान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एम.ए. सिद्धकी ने समीक्षा कार्यशाला में दिशा–निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि राज्य में नैक मूल्यांकन हेतु विश्वविद्यालय एवं जिला स्तर पर समितियाँ गठित की गयी है जो निरंतर महाविद्यालय के मूल्यांकन हेतु आवश्यक सभी निर्देश बिन्दुओं की समीक्षा कर महाविद्यालय की जानकारी राज्य स्तर पर गठित प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराती है।

कार्यशाला में कबीरधाम जिले के बोड़ला, सहपुर लोहारा, पण्डरिया तथा बेमेतरा जिले के थानखम्हरिया, कन्या महाविद्यालय बेमेतरा, नवागढ़, बेरला, साजा एवं दुर्ग जिले के नंदनी अहिवारा, खुर्सीपार के शासकीय महाविद्यालय की तैयारियों की समीक्षा की गयी।

विगत 23 जुलाई को राजनांदगांव में बालोद एवं राजनांदगांव जिले के 18 महाविद्यालयों की कार्यशाला शास0 दिग्विजय महाविद्यालय में आयोजित की गयी।

राज्य गुणवत्ता प्रकोष्ठ के डॉ. जी.ए. घनश्याम एवं अपर संचालक डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बिन्दुवार सभी महाविद्यालय के प्राचार्यों द्वारा प्रस्तुत जानकारी पर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।
इस अवसर पर जिला स्तरीय समिति की डॉ. अनुपमा अस्थाना, डॉ. सोमाली गुप्ता, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।

**(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# नैक मूल्यांकन कार्यशाला आयोजित






**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 27.04.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# भूतपूर्व छात्राओं का अभिनव प्रयास
# कौशल विकास का लिया संकल्प

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्राओं ने वर्तमान में अध्ययनरत् छात्राओं के कौशल विकास की जवाबदारी ली है और इसके लिए उनके प्रयास प्रारंभ हो गए है।

महाविद्यालय की पूर्व छात्रा रह चुकी जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा ने महाविद्यालय की उन पूर्व छात्राओं को जोड़ा जो रोजगार के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और कौशल दिखा रही है। हुनरमंद पूर्व छात्राएँ अब पढ़ रही छात्राओं को कौशल विकास का पाठ पढ़ा रही है।

विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ऐसे हुनर सीखाए जाएंगे जिनसे वे स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ सके।
ऐसी ही पाककला विशेषज्ञ पारूल मरकाम विभिन्न प्रकार के केक तैयार करने का प्रशिक्षण दे रही है।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं की बढ़ती रूचि की सराहना नगर विधायक श्री अरूण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर किया और ऐसे आयोजनों के लिए पूरा सहयोग देने का वादा भी किया।

महाविद्यालय की छात्रासंघ अध्यक्ष रह चुकी एवं वर्तमान में महाविद्यालय की गृहविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने कार्यशाला के संयोजन का बखूबी दायित्व संभाला है। वे लगातार काउंसिलिंग और यूथरेडक्रॉस इकाई के माध्यम से सक्रिय रहती है।

गृहविज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने बताया कि इस तरह के कौशल विकास के कार्यक्रम नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं जो सभी संकाय की छात्राओं के लिए है और पूर्णतः निःशुल्क भी है।

महाविद्यालय के इस आयोजन में अंजू बाकलीवाल, अंकिता स्वर्णकार, अधिरा रघु के साथ एलुमनी संगठन की टीम सहयोग कर रही है।

उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय के एलुमनी संगठन द्वारा प्रतिवर्ष 10 छात्राओं को छोटी बहन छात्रवृत्ति योजना के तहत आर्थिक मदद किया जाता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने पूर्व छात्राओं के इस प्रयास की सराहना की है।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## गर्ल्स कॉलेज में
## भूतपूर्व छात्राओं का अभिनव प्रयास
## कौशल विकास का लिया संकल्प



